Title: Need to accord sanction to the proposals of Madhya Pradesh Government for sanction of certain roads in Shajapur Parliamentary Constituency under Central Road Fund-Laid.

श्री थावरचन्द गेहलोत (शाजापुर) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र शाजापुर-देवास की अधिकांश सड़कों की हालत अत्यधिक खराब हो गई है। इससे जन-धन की भारी क्षति हो रही है और लोग अत्यधिक परेशान हैं। मध्य प्रदेश शासन और जिला प्रशासन की ओर से नियमानुसार प्रस्ताव पारित कर केन्द्र सरकार के पास सी.आर.एफ. योजनान्तर्गत स्वीकृति हेतु निम्नलिखित सड़कों के प्रस्ताव भेजे हैं जो इस प्रकार हैं।

बेरछा से पोलाय कलां वाया सुंदरसी मार्ग, पोलाय कलां से पीपलरावां मार्ग जिला सीमा तक, नलखेड़ा से भैसोंदा बड़ागांव मार्ग, शाजापुर-बेरछा मार्ग, बड़ौद-आलोट मार्ग, अकोदिया-सुन्दरसी मार्ग, नलखेड़ा-भैंसोंदा मार्ग, भैंसोदा-बड़ागांव मार्ग, आगर-सारंगपुर मार्ग, शाजापुर-दुपाड़ा-कानड़ मार्ग, शुजालपुर-आवठा मार्ग, कालापीपल-मगराबड़ी मार्ग, कालापीपल-कुराबर मार्ग, शुजालपुर-पचोर मार्ग, आगर-बड़ोद-डग मार्ग, बेरछा-बिरगोद-बालोन मार्ग, मोहन बड़ोदिया से बड़ागांव मार्ग, बड़ौद से खेड़ा नरेला मार्ग, पोलायकलां पहुंचमार्ग, शुजालपुर-अकोदिया मार्ग, रनायल पहुंच मार्ग आदि प्रमुख हैं। अभी तक मेरे संसदीय क्षेत्र में केन्द्रीय सड़क निधि अन्तर्गत एक भी सड़क स्वीकृत नहीं की गई है।

अतः मैं केन्द्रीय परिवहन एवं सड़क मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि उपरोक्त सड़कों की स्वीकृति शीघ्रातिशीघ्र प्रदान करने की कृपा करें।